हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 मार्च, 2025

तापमान
अधिकतम 39 .7 डिग्री
न्यूनतम 20 .5 डिग्री

11 आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्परों ने शुरू किया प्रदर्शन


12 देर रात तक बुझाई जा सकी आग, एक श्रमिक लापता


## खबर संक्षेप



### धाम में श्रद्धालुओं ने किया गुणगान

**सोनीपत।** लहराड़ा स्थित दादा मोहनदास धाम में बुधवार को संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिला श्रद्धालुओं ने भजनों का गान किया। इस मौके पर बाबा विजयनाथ महाराज ने बताया कि 29 मार्च को दादा मोहनदास का वार्षिक मेला लगाया जाएगा। जिसमें कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। इस मौके पर सुनील बैरागी, रितु, बबीता, सुमन मौजूद रहे।

### पूजा करने गई महिला के गले से चेन तोड़ी

**गोहाना।** गांव रिंढाना में शीतला माता के मंदिर में लगे मेले में पूजा करने गई महिला के गले से सोने की चेन तोड़ ली गई। बरोदा थाना में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। गांव घड़वाल की भारती ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार सुबह गांव रिंढाना में शीतला माता मंदिर में लगे मेले में पूजा करने गई थी। मेले में बहुत अधिक भीड़ थी। उसने गले में सोने की चेन व लाकेट पहन रखा था। मंदिर के अंदर अज्ञात व्यक्ति ने उसकी चेन तोड़ ली। कुछ समय बाद उसे पता चला।

### पटाखे फोड़ने पर एक वर्ष का प्रतिबंध

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार हरियाणा सरकार ने एनसीआर में आने वाले सोनीपत सहित प्रदेश के सभी जिलों में पटाखें फोड़ने पर एक वर्ष का प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने बताया कि पटाखें जलाने से निकलने वाली दूषित गैसो के कारण पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे मनुष्य में विभिन्न बीमारियों के होने का खतरा बना रहता है। इसी को देखते हुए हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार एनसीआर के जिलों में पटाखों के बनाने, भण्ड़ारण, बिक्री एवं फोड़ने (आनलाईन विपणन प्लेटफार्म के माध्यम डिलवरी सहित) पर एक वर्ष के लिए प्रतिबंध लगाया है।

### अवैध हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत व सेक्टर-27 यूनिट ने अलग-अलग स्थानों से तीन आरोपितों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन निवासी पुठ खुर्द व राहुल निवासी जाटी कलां, मोहित उर्फ पोनू निवासी मुंगान रोहतक का है। पुलिस ने आरोपितों के पास से अवैध देशी पिस्तौल व जिंदा राउंड बरामद किए है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमें दर्ज कर अदालत में पेश किया।

### दातौली में विधवा महिला और बच्चों पर हमला

**गन्नौर।** गन्नौर तहसील के गांव दातौली में एक विधवा महिला और उसके बच्चों पर पड़ोसियों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता कृष्णा देवी ने थाना बड़ी में शिकायत दर्ज कराई है कि 24 मार्च 2025 को जब वह दवाई लेने गई हुई थी, तब बबलू की पत्नी और उसके तीन बच्चों ने उनके घर आकर उनके नाबालिग बच्चों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और उनके पालतू कुत्ते पर भी हमला किया। घर लौटने पर जब कृष्णा देवी ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। बबलू की पत्नी ने चाकू से उन पर हमला कर दिया, जिससे उनके चेहरे पर चोट लगी और वे बेहोश होकर गिर पड़ीं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह परिवार अक्सर झगड़ा और गाली-गलौच करता है, जिससे उन्हें और उनके बच्चों को जान का खतरा है। पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### सुबह चार बजे से लगी भीड़, आठ बजे आने वाले मरीजों ने लिस्ट को फाड़ दिया

# दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अस्पताल में मची अफरा-तफरी, मरीजों ने बुला ली पुलिस

- देर शाम पांच बजे तक चला प्रमाण-पत्र बनाने का कार्य, सप्ताह में दो दिन बन रहे प्रमाण-पत्र
- प्रबंधन की तरफ से देर शाम को 50 प्रमाण पत्र किए तैयार
- करीब 500 दिव्यांग प्रमाण-पत्र अधर में लटक गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल सोनीपत में दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने वाले अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। प्रमाण-पत्र के लिए सुबह चार बजे ही अभ्यार्थी व उनके अभिभावक ओपीडी में पहुंच गए। जहां अपना नंबर लिस्ट में लिखवा दिया। आठ बजे के बाद आने वाले मरीजों ने नंबर को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा शांत नहीं हुआ तो मरीजों ने खुद ही डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। वहीं अस्पताल प्रबंधन की तरफ से देर शाम पांच बजे तक प्रमाण-पत्र बनाने का कार्य जारी रखा। प्रबंधन की तरफ से प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए सप्ताह में दो दिन का समय रखा हुआ है।

बता दें कि जिले के नागरिक अस्पताल में चार माह से जिला स्वास्थ्य अधिकारी व प्रधान चिकित्सक अधिकारी न होने के चलते करीब 500 दिव्यांग प्रमाण-पत्र अधर में लटक गए थे। गत दिनों पहले विभाग की तरफ से डा. ज्योत्सना को नागरिक अस्पताल की प्रधान चिकित्सक व जिला स्वास्थ्य अधिकारी के तौर पर तैनात किया गया है। जिसके बाद अधिकारी की तरफ से दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए गए। प्रबंधन की तरफ से हाल में सप्ताह के दो दिनों में प्रमाण-पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। बुधवार को दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने वाले अभ्यर्थी व उनके परिजन सुबह चार बजे से ही ओपीडी की लाइन में आकर खड़े हो गए। प्रबंधन की तरफ से पहले आने वाले अभ्यर्थी के नंबर के हिसाब से लिस्ट तैयार कर दी।




**सोनीपत।** ओपीडी के बाहर जमा भीड़ व मौके पर पहुंची डायल-112 की टीम कागजी कार्यवाही करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### विधानसभा में गूंजा था सीट खाली होने का मुद्दा

नागरिक अस्पताल सोनीपत में चार माह से जिला स्वास्थ्य अधिकारी की सीट खाली थी। पानीपत नागरिक अस्पताल के अधिकारी को सोनीपत का भार सौंपा गया था। अस्पताल में स्थाई अधिकारी के न होने के चलते सोनीपत नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन व प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने दिव्यांगों की समस्या को देखते हुए अस्पताल का दौरा किया था। वहीं सोनीपत विधान सभा से विधायक निखिल मदान ने मामले को लेकर विधान सभा सत्र में समस्या को उठाया था। जिसके बाद सरकार व विभाग की तरफ से अस्पताल में स्थाई तौर से डा. ज्योत्सना को तैनात किया है। करीब चार माह में पांच सौ के करीब दिव्यांगों के प्रमाण-पत्र अधर में लटके हुए थे। जिन्हें बनाने का कार्य शुरू हो चुका है।



**सोनीपत।** सुबह चार बजे से लाइन में लगे अभ्यर्थी व उनके परिजन।

#### खामियों के कारण दिया गया समय

जानकारी मिली है कि आठ बजे के बाद आने वाले अभ्यार्थियों ने लाइन को लेकर व लिस्ट को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। विरोध इतना बढ़ गया कि मरीज ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया। उसके बाद मामला शांत होने पर प्रमाण-पत्र बनाने का कार्य किया गया। प्रबंधन की तरफ से बुधवार को कुल 50 प्रमाण-पत्र तैयार कर दिए। जबकि करीब 25 में एक्सरे व अन्य तकनीकी खामियों के चलते उन्हें पूरा करवाने का समय दिया गया है। मरीजों को खासी परेशानी हो रही है।

**हड्डी रोग विभाग**

#### 85 दिव्यांगों की जांच

विभाग में 85 दिव्यांगों की जांच की गई, जिसमें से 50 की असेसमेंट पूरी हो चुकी है और उन्हें प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं। 35 दिव्यांगों की एक्स-रे रिपोर्ट आने के बाद शुक्रवार को प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

**नेत्र रोग विभाग**

#### 20 को रेफर किया

55 दिव्यांगों की जांच हुई, जिनमें से 35 को असेसमेंट दे दिया गया है। प्रमाण पत्र जारी करने के लिए उन्हें सीएमओ कार्यालय भेजा गया, जबकि बाकी 20 को बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां और पीजीआई रोहतक के लिए रेफर किया गया। इसके अलावा ईएनटी और एमआर (मानसिक विकलांगता) विभागों में भी दिव्यांगों की जांच की गई और प्रमाण पत्र जारी किए गए।

#### प्रमाण पत्र वितरण

| | |
|---|---|
| हड्डी रोग विभाग | 30 |
| ईएनटी विभाग | 8 |
| मानसिक विकलांग | 12 |
| नेत्र रोग विभाग | 25 |

**दर्द**

#### मेरा बेटा दर्द से कराह रहा, इलाज नहीं मिलने पर रो पड़ी मां



नागरिक अस्पताल में पहुंची महिला चार दिनों से अपने बच्चे के हाथ का प्लास्टर करने के लिए आ रही है। उसके बेटे को गत 23 मार्च को साइकिल गिरकर चोट लग गई थी। वह बुधवार को अस्पताल में पहुंची, जानकारी मिली कि आज दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाए जा रहे है। इलाज न मिलने के चलते महिला का दर्द आंखों से छलकने लगा। उसने बेटे का एक्सरे भी करवा लिया है। अब उसे बृहस्पतिवार को आने के लिए बोला गया है। बेटा दर्द से कराह रहा है।

#### मरीजों के लिए उठा रहे कदम



प्रबंधन की तरफ से मरीजों की सहायता के लिए जरूरी कदम उठाने का कार्य किया जा रहा है। अस्पताल में एक ही हड्डी रोग विशेषज्ञ है। उसे अदालत व सर्जरी के कार्य भी करने होते हैं। जिसके चलते थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। जो भी दिशा-निर्देश मिलेंगे उसके अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। लोगों से अपील है कि परेशान न हो, उनका कार्य समय अनुसार कर दिया जाएगा।

**-डॉ. ज्योत्सना जिला स्वास्थ्य अधिकारी।**

## गायक सिद्धू मूसे वाला हत्याकांड का आरोपित प्रोडक्शन वारंट पर

- व्यापारी से रंगदारी मांगने की वारदात में पुलिस की कार्रवाई
- आरोपित को अदालत में किया पेश, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में व्यापारी से रंगदारी मांगने की वारदात में शामिल व सिद्धू मूसे वाला हत्याकांड के आरोपित को एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 ने आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित से पूछताछ करने के बाद उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले में कई आरोपितों को पहले काबू कर चुकी है।

एक दिसंबर 2024 को एक व्यापारी ने थाना कुंडली में पहुंचकर शिकायत दी थी कि उसने कुंडली में एक होटल खोल रखा है। जहां कभी वह और कभी उसके दो साथी आते हैं और होटल संभालते हैं। 14 नवंबर 2024 को सागर निवासी सेरसा, संदीप निवासी राठधाना व इनके आठ-दस साथी उनके होटल पर आए। आरोपितों ने हथियार दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दी और चार लाख रुपए की रंगदारी मांगी। आरोपितों ने उसे कहा की उन्हें यह पैसे ले जाकर अंकित निवासी सेरसा जो जेल में बंद है उसे देने हैं। यह रंगदारी उन्होंने अंकित के कहने पर ही मांगी है। अंकित सेरसा ओर व उसकी एक आपराधिक टीम है। आरोपितों ने उसे 43 हजार रुपये छीन लिए। जबकि इसके अलावा आरोपितों ने उसके एक साथी जो मुरादाबाद से उसे हथियार के बल पर 53000 छीन लिए और तीसरे साथी से हथियार के बल पर मारपीट 2500 रुपये छीन लिए। इन दोनों पीड़तिों की उसे होटल के पास रेहड़ी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि यह सभी आरोपित कई स्थानों पर अंकित सेरसा की धमकी देकर पैसे वसूलते हैं, ओर जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 में सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपित अंकित सेरसा को प्रोडक्शन वारंट लेकर पूछताछ की। आरोपित को भिवानी जेल से सोनीपत लाया गया।



**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

#### आरोपी के कहने पर वूसली

इंस्पेक्टर अजय धनखड़ ने बताया कि आरोपित अंकित ने पूछताछ में बताया है कि उसके कहने पर ही कुंडली एरिया में उसके साथियों ने अवैध वसूली की थी। आरोपित सागर को उसने यह सब करने के लिए बोला था। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस वारदात में शामिल सात आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है।



### नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन ने संभाला कार्यभार

**सोनीपत।** नगर निगम के नव निर्वाचित मेयर राजीव जैन को नगर निगम आयुक्त हर्षित द्वारा विधिवत रूप से पदभार ग्रहण करवाया। पदभार ग्रहण करने के बाद आये हुए सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव जैन जी को पदभार ग्रहण करने के लिए बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके द्वारा नगर निगम को पूरे हरियाणा में सर्वोच्च स्थान दिलवाया जायेगा। राजीव जैन द्वारा निगम के सभी अधिकारीयों की बैठक लेते हुए निर्देष दिए कि वो जनता का काम पूरी ईमानदारी से करें और किसी भी नागरिक को परेशानी नहीं उठानी पड़े।

## बस ने खड़े ट्रक को मारी टक्कर, 27 छात्र घायल



**खरखौदा।** दुर्घटना में घायल छात्र और क्षतिग्रस्त बस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

सैदपुर-जटोला मार्ग पर बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें राजीव ट्रांसपोर्ट की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह बस मारुति कंपनी में अप्रेंटिस कर रहे आईटीआई छात्रों को लेकर जा रही थी। बस में करीब 42 छात्र सवार थे, जो जगदीशपुर स्थित भगवान महावीर कॉलेज के हॉस्टल में रहते हैं। हादसा उस समय हुआ जब बस जटोला गांव के पास मुरली पेट्रोल पंप के पास धर्म कांटा पर पहुंची। माना जा रहा है कि या तो चालक को नींद आ गई या फिर सामने से आई रोशनी के कारण उसकी आंखें चौंधिया गईं, जिसके चलते बस ने कांटा के पास खड़े एक ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी।इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में 27 छात्र घायल हो गए। घायलों को तुरंत अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। 10 छात्रों को सोनीपत के फिम्स अस्पताल, 6 को केशव अस्पताल खरखौदा और 11 को खरखौदा के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। खरखौदा अस्पताल से 10 छात्रों को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर किया गया, लेकिन वे पीजीआई जाने के बजाय केशव अस्पताल में भर्ती हो गए। राहत की बात यह है कि किसी भी छात्र की हालत गंभीर नहीं है।

#### इन छात्रों को चोट

घायलों में अक्षय (20, हिसार), रष्ट कुमार (20, करनाल), अमरदीप (22, करनाल), अशोक (25, बिहार), शिवम गुप्ता (26, प्रयागराज), विकास कुमार (21, यूपी), रजत सैनी (19, मुलाना), प्रिंस (21, अजमेर), महेश सैनी (21, शिखर), लाभ सिंह (24, कैथल) और पिंटू (24, करनाल) शामिल हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों ने भी राहत कार्य में मदद की।

## सहपाठी पर लगाया दुराचार का आरोप

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के एक नामी स्कूल में नौवीं कक्षा के छात्र ने सहपाठी पर हॉस्टल में दुराचार करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उनकी वीडियो बनाकर रुपये भी ऐंठे गए। छात्र ने स्कूल प्रबंधन को शिकायत दी तो मामला दर्ज कराया गया है। क्षेत्र के नामी स्कूल में नौवीं कक्षा के छात्र ने पुलिस को बताया कि आरोप लगाया कि वह गर्मी के अवकाश के पहले हॉस्टल में आया था। जहां सहपाठी ने मारपीट की थी, जिससे वह डर गया।

छुट्टी के बाद वह स्कूल आए तो आरोपित ने उनसे एक हजार रुपये मांगे थे। उसने डर कर उसे रुपये दे दिए थे। उसके बाद आरोपी ने उसे शौचालय में ले जाकर उसके साथ दुराचार किया। उसकी वीडियो भी बना ली। उसके बाद आरोपित ने उसके साथ दो-तीन बार गलत काम किया। उनसे दूसरी बार में दो हजार व तीसरी बार सात हजार रुपये की मांग की गई।

#### वीडियो वायरल करने की धमकी दी

छात्र के अनुसार आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। तंग आकर उसने पिता के सामने अपनी बात रखी। उसके स्कूल प्रबंधन व राई थाना पुलिस को बताया गया। राई थाना पुलिस ने मामले में 4 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पबनेरा में अवैध खनन, ट्रालियां पकड़ी



**सोनीपत।** प्रशासन अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। टास्क फोर्स की टीम काम कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को टीम ने गांव पबनेरा में अवैध खनन करते हुए रेत से भरी हुई दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को काबू किया गया तथा टीम द्वारा उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पुलिस थाना मुरथल में जब्त कर दिया गया।

### मिमारपुर, टिकौला, भैरा बाकीपुर में ठोकरों पर पहुंचे डीसी

# बाढ़ नियंत्रण के लिए यमुना दौरे पर अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

यमुना नदी के अंदर बाढ़ नियंत्रण को लेकर किए गए कार्यों का जायजा लेने के लिए बुधवार को उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ यमुना का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले की 41.74 किलोमीटर यमुना के सीमा क्षेत्र में आने वाले बेगा, मिमारपुर, टिकौला सहित दिल्ली डिवीजन में आने वाले भैरा बाकीपुर घाट में सिंचाई विभाग द्वारा बनाई गई ठोकरों का दौरा कर गहनता से जांच की।

उपायुक्त ने बाढ़ नियंत्रण को लेकर यमुना नदी के अंदर लगने वाली नई ठोकरों सहित पुरानी ठोकरों की होने वाली मरम्मत कार्यो का जायजा लिया ताकि बरसात के समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोनीपत जिला की यमुना के सीमा क्षेत्र में आने वाले सभी घाटों की समय-समय पर जांच करें ताकि आने वाले बरसाती समय में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अगर किसी घाट पर कहीं मिट्टी का कटाव दिखाई देता है तो वहां तुरंत स्टड का निर्माण करवाएं। इसके अलावा उन्होंने चेतावनी दी कि यमुना के बहाव से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दौरे के दौरान बेगा, मिमारपुर, टिकौला व भैरा बाकीपुर स्थित घाटों की गहनता से जांच की। दौरे के दौरान बाढ नियंत्रण कार्यों के लिए उन्होंने गांवों के लोगों से भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि यमुना क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के लिए यमुना के साथ लगते गांवों पर विशेष नजर रखी जाए और अवैध खनन करता हुआ पाया जाता है तो कार्रवाई करें। इस मौके पर सिंचाई विभाग के एसई आरके बोड़वाल, एक्सईएन गुलशन कुमार, मंजीत हुड्डा, एसडीओ कैलाश चंद्र मौजूद रहे।



**सोनीपत।** यमुना के निरीक्षण के लिये पहुंचें अधिकारीगण।

#### वामा सेंटर बिल्डिंग का निरीक्षण

यमुना दौरे के पश्चात उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने राई स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला जागरूकता प्रबंधन अकादमी (वामा सेंटर) बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान वामा सेंटर में बने हॉस्टल व प्रिंसिपल आवास की मरम्मत करने के निर्देश देते हुए कहा कि तुरंत इसकी मरम्मत करवाएं ताकि इसको किसी प्रशासनिक कार्यों के लिए प्रयोग किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने सेंटर की साफ-सफाई के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





# पब्लिक प्लेस पर जब फील हो एलर्जी

**डॉक्टर्स सजेशन**

**डॉ. आर. पी. सिंह**
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे लगातार छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?**

**-रितेश, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है, आपको धूल से एलर्जी है, क्योंकि आप जब घर से बाहर भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाते हैं तो वहां जो धूल उड़ती है, उससे आपको छींकें आना शुरू हो जाती हैं। यह समस्या तमाम लोगों में देखी जाती है। इससे बचाव के लिए बेहतर होगा कि आप जब ऐसे स्थान पर जाएं तो मास्क लाकर ही जाएं। इस उपाय को अपनाने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी गर्दन से लेकर कंधे तक अकड़न बनी रहती है, साथ ही हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आर्यन, बिलासपुर**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी लंबी सिटिंग होती हैं यानी, ऑफिस में एक ही पोश्चर में लंबे समय तक बैठे रहते हैं। इसके स्थाई समाधान के लिए आपको रेग्युलर एक्सरसाइज करना पड़ेगा। सर्वाइकल की एक्सरसाइज कौन-कौन सी होती हैं यह जानने के लिए बेहतर होगा कि आप किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लें। वे आपको बताएंगे, उसके बाद नियमित रूप से सुबह-शाम एक्सरसाइज करें। साथ ही ऑफिस में लंबे समय तक एक ही पोश्चर में ना बैठें। बीच-बीच में मूवमेंट करते रहें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। दो-तीन महीने से बहुत स्ट्रेस फील कर रहा हूं। न अच्छी भूख लगती है, न ठीक से सो पाता हूं। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कामेश्वर, भोपाल**

आप अपनी परेशानी का कारण खुद ही बता रहे हैं। आप यह जानने की कोशिश करें कि जब से यह समस्या शुरू हुई है, उसके आस-पास जीवन में क्या ऐसा घटित हुआ है, जिससे स्ट्रेस हो रहा है। इसकी वजह क्या है? अगर जरूरत पड़े तो आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। इसे तरह स्ट्रेस से मुक्ति मिलेगी और आपको नींद भी आने लगेगी।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं हेयर ट्रांसप्लांट करवाना चाहता हूं। क्या यह सेफ है? इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? कृपया सजेस्ट करें।**

**-विभूति, रोहतक**

आजकल हेयर ट्रांसप्लांट करने का चलन बढ़ा हुआ है, लेकिन आपके लिए कितना सेफ रहेगा, यह तो जांच करने के बाद ही पता चलेगा। आपकी स्किन कैसी है, आपको किसी चीज से एलर्जी तो नहीं है, जांच के बाद तय किया जा सकता है। बेहतर होगा कि आप किसी स्किन स्पेशलिस्ट डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे आपको जांच के बाद बताएंगे कि आपके लिए ट्रांसप्लांट करवाना कितना उचित रहेगा।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे भूख बिल्कुल नहीं लगती है। पेट हमेशा भरा-भरा सा लगता है। कभी-कभी खट्टी डकारें भी आती हैं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सखाराम, जींद**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो रही है। जिस वजह से आपको खट्टी डकार आती है और भूख कम लगती है। इसके लिए आप दोपहर के खाने में दही और सलाद जरूर शामिल करें। साथ ही तली-भुनी और ऑयली चीजें खाने से बचें। रात में हल्का खाना जैसे दलिया या खिचड़ी खाएं। साथ ही सुबह-शाम सैर जरूर करें। इससे आपको आराम मिलेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशलः वर्ल्ड बाइपोलर-डे, 30 मार्च

# बाइपोलर डिसऑर्डर हेल्दी लाइफस्टाइल सही मेडिकल ट्रीटमेंट से मिलती है राहत

बाइपोलर डिसऑर्डर एक जटिल मेंटल डिजीज है। इसके होने की कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर इसके लक्षणों को ध्यान में रखते हुए सही लाइफस्टाइल को फॉलो किया जाए और जरूरत पड़ने पर मेडिकल ट्रीटमेंट करवाया जाए, साथ ही फैमिली सपोर्ट मिले तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है। इस रोग के बारे में आप भी विस्तार से जानिए।





**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. गौरव गुप्ता**
डायरेक्टर-तुलसी हेल्थ केयर
नई दिल्ली-गुरुग्राम

अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार द्विध्रुवीय विकार (बाइपोलर डिसऑर्डर) एक मनोरोग है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति के मूड, ऊर्जा और उसकी कार्यक्षमता में बदलाव आता है। दूसरे शब्दों में कहें तो बाइपोलर डिसऑर्डर एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें मूड में अत्यधिक उतार-चढ़ाव होते हैं। इस मनोरोग में उन्माद (मेनिया) और अवसाद (डिप्रेशन) सरीखी स्थितियां (मूड एपिसोड्स) भी शामिल हैं। ऐसे मूड एपिसोड कई दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं।

## क्या हैं कारण

बाइपोलर डिसऑर्डर के कई संभावित कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं।

**न्यूरोकेमिकल में असंतुलनः** मस्तिष्क रसायनों (न्यूरोकेमिकल्स) जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन आदि में असंतुलन बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं।

**आनुवांशिक कारकः** अगर परिवार के किसी सदस्य को बाइपोलर डिसऑर्डर रहा है, तो परिवार के अन्य सदस्य में इसके होने का जोखिम बढ़ जाता है। एक अध्ययन के अनुसार बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लगभग 60% मरीज ऐसे हैं, जिन्हें डिप्रेशन या बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या जेनेटिक कारणों से मिली है।

**तनावपूर्ण घटनाएंः** इसके अंतर्गत जीवन की गंभीर तनावपूर्ण घटनाएं जैसे किसी रिश्ते का टूटना, गंभीर बीमारी या कोई भावनात्मक समस्या आदि शामिल की जाती हैं, जो बाइपोलर डिसऑर्डर का कारण बन सकती हैं। भावनात्मक समस्या में आपसी संबंधों का बिगड़ना, पति-पत्नी के बीच तलाक होना, परिवार में किसी प्रियजन की मृत्यु होना आदि को शामिल किया जा सकता है।

**मस्तिष्क की संरचना में बदलावः** ब्रेन इमेजिंग अध्ययनों से पता चला है कि बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त लोगों के मस्तिष्क में संरचनात्मक परिवर्तन हो सकते हैं।

## बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षण

पीड़ित व्यक्ति कभी-कभी बहुत ज्यादा निराश, उदास और दुखी महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग अवसाद (डिप्रेशन) से मिलते-जुलते होते हैं। कभी-कभी वह बहुत ज्यादा प्रफुल्लित और स्वयं को असाधारण रूप से ऊर्जावान महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग उन्माद (मेनिया) सरीखे होते हैं। उन्माद और अवसाद की स्थितियों (एपिसोड्स) के बीच मूड में अचानक और तीव्र बदलाव होना। इस स्थिति को मनोचिकित्सकीय भाषा में 'मूड स्विंग्स' कहते हैं। इनके अलावा अपनी क्षमताओं के बारे में गलतफहमी रखना, तेज गति से सोचना और बोलना, गलत फैसले लेना, नींद बहुत कम आना, चिड़चिड़ापन महसूस करना, स्वयं को बहुत ज्यादा महत्व देना या फिर अपने को श्रेष्ठ समझना भी इसके लक्षणों में शामिल हो सकता है।

## ऐसे करते हैं डायग्नोसिस

बाइपोलर डिसऑर्डर का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर सबसे पहले मरीज से बात करते हैं, उसके बाद उसके परिजनों से भी। इसके अलावा डॉक्टर मरीज की अन्य बीमारियों का पता लगाने के लिए कंप्लीट फिजिकल टेस्ट भी करवा सकते हैं ताकि उसके लक्षणों का पता लगाया जा सके। साथ ही, मरीज की मेडिकल हिस्ट्री और फैमिली हिस्ट्री आदि के जरिए भी डॉक्टर मर्ज का पता लगाते हैं।

## ट्रीटमेंट के तरीके

यह सच है कि फिलहाल बाइपोलर डिसऑर्डर का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई दवाएं लेने और उनके परामर्श पर अमल करने से बाइपोलर डिसऑर्डर का प्रबंधन और नियंत्रण जरूर किया जा सकता है, जिससे मरीज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञ डॉक्टर विशेषकर मनोचिकित्सक कुछ दवाओं के सेवन का सुझाव दे सकते हैं, जिन्हें 'मूड स्टेबलाइजर्स' के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा चिकित्सक के परामर्श से एंटीडिप्रेसेंट दवाएं भी मूड स्विंग को नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं।



**मनोचिकित्सा (साइकोथेरेपी):** मनोचिकित्सक मरीज की स्थिति के अनुसार साइकोथेरेपी का सहारा लेते हैं। मरीज के अलावा वे परिवार के सदस्यों की भी काउंसलिंग करते हैं। इसके अलावा कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी) बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षणों को प्रबंधित करने में सहायक है।

**जीवनशैली में बदलावः** यूरोपियन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के मुताबिक बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को जहां तक संभव हो सके, स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें अपनी समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यही नहीं, जो लोग बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त नहीं हैं, वे भी अगर स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें तो इससे उनमें भी इस समस्या के भविष्य में होने का जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत संतुलित पौष्टिक खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम, 6 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेना और तनाव का समुचित प्रबंधन आदि बातें शामिल हैं।

**नियमित व्यायाम करेंः** नियमित व्यायाम, बाइपोलर डिसऑर्डर पेशेंट्स के मूड को स्थिर करने में मदद कर सकता है। किस व्यक्ति को कितने समय तक और किस-किस प्रकार के व्यायाम करना चाहिए, इस संदर्भ में पीड़ित व्यक्ति को डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लेना चाहिए। इसके अलावा मेडिटेशन भी फायदेमंद हो सकता है।

**पर्याप्त नींद जरूरीः** बाइपोलर डिसऑर्डर किसी व्यक्ति की नींद उड़ा सकता है। ऐसा व्यक्ति बहुत कम सोता है। नींद पूरी न होने से मूड में बदलाव ज्यादा आता है। इसलिए मूड को प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त नींद लेना आवश्यक है। इसके लिए नियमित समय पर बिस्तर पर जाने और सुबह एक निश्चित समय पर उठने की आदत डालें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम यानी टेलीविजन देखने, स्मार्टफोन और कंप्यूटर के इस्तेमाल से दूर रहें। जिन लोगों को सोने में कठिनाई होती है, उन्हें डॉक्टर से बात करनी चाहिए। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



### इन बातों का रखें ध्यान

- परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और उनसे मदद लें।
- सकारात्मक सोच रखें।
- तनाव और चिंता को नियंत्रित करने के लिए योग और ध्यान का सहारा लें।
- शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करें, क्योंकि वे आपकी समस्या को बढ़ा सकते हैं।



**अवेयरनेस**

**शिखर चंद जैन**

स्पेशलः वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे, 2 अप्रैल

ऑटिज्म एक विकास संबंधी एब्नॉर्मलिटी है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने, पढ़ने-लिखने और दूसरों से घुलने-मिलने में परेशानी होती है। ऐसे बच्चों की केयर पैरेंट्स को बहुत सावधानी से करने की जरूरत होती है। इस बारे में बहुत जरूरी सजेशंस।

# ऑटिज्म पेशेंट के लिए जरूरी सही ट्रीटमेंट-इमोशनल सपोर्ट



ऑटिज्म को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर भी कहते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिससे पीड़ित व्यक्ति का दिमाग अन्य लोगों के दिमाग की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। इस बीमारी के बारे में अभी तक बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही वर्तमान में इसका कोई परफेक्ट ट्रीटमेंट उपलब्ध है। हालांकि इस बीमारी से पीड़ित लोग नौकरी करने, परिवार और दोस्तों के साथ मेल-मिलाप करने में सक्षम होते हैं, लेकिन कई बार उन्हें दूसरों की मदद लेनी पड़ती है। फैमिली मेंबर्स, टीचर्स या दोस्तों के सहयोग से ये लोग भी नई स्किल्स सीख लेते हैं और बिना किसी सपोर्ट के अपने काम भी कर लेते हैं। सही डायग्नोसिस और इंटरवेंशन ट्रीटमेंट की मदद से ऑटिस्टिक लोगों को सामाजिक व्यवहार और नई स्किल्स सीखने में मदद मिलती है, जिससे वे अपना जीवन बेहतर तरीके से जी पाते हैं।

ऑटिज्म की वजह से बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर आ जाता है, जो यह तय करता है कि वह अपने आस-पास की दुनिया के साथ कैसे रिस्पॉन्स करता है। यह अंतर कुछ ऐसा है जिसके साथ वे पैदा होते हैं-इसका उनके पालन-पोषण के तरीके, भोजन, टीके या जन्म के बाद बच्चे के साथ हुई किसी भी अन्य एक्टिविटी से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**क्या है ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डरः** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, एक न्यूरोलॉजिकल और डेवेलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो लोगों के दूसरों के साथ बातचीत करने, संवाद करने, सीखने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। इसके लक्षण आमतौर पर जीवन के पहले दो वर्षों यानी बचपन में दिखाई देते हैं। ऑटिज्म बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर लाता है, जो उन्हें सामाजिक रूप से घुलने-मिलने और अनोखे तरीके से व्यवहार करने के लिए प्रेरित करता है।

**प्रमुख लक्षणः** इसके प्रमुख लक्षणों में लिमिटेड आइज कॉन्टेक्ट, एब्नॉर्मल बॉडी लैंग्वेज और रिपीटेटिव बिहेवियर या बातें शामिल होते हैं। इसके अलावा अकेले रहना, दूसरे बच्चों के साथ ना खेलना, बोलने के बजाय इशारों से ज्यादा रिस्पॉन्स करना। खुद को चोट लगाना या नुकसान पहुंचाने के प्रयास करना। इस स्थिति के शुरुआती लक्षण माता-पिता या बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा बच्चे के एक वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही देखे जा सकते हैं। कुछ मामलों में, ऑटिज्म से संबंधित समस्याएं हल्की हो सकती हैं और तब तक स्पष्ट नहीं होती हैं जब तक कि बच्चा स्कूल जाना शुरू नहीं करता।

**इससे बढ़ता है रिस्कः** नई मेडिकल स्टडीज के अनुसार कई आनुवंशिक कारक ऑटिज्म के जोखिम को जटिल तरीके से बढ़ा सकते हैं। फ्रैजाइल एक्स सिंड्रोम और ट्यूबरस स्क्लेरोसिस जैसी कुछ विशिष्ट आनुवंशिक स्थितियों वाले लोगों में ऑटिज्म के निदान के लिए जोखिम अधिक होता है। ये दो स्थितियां ऑटिज्म के सैकड़ों अलग-अलग दुर्लभ आनुवंशिक कारणों के साथ मिलकर 30% से अधिक मामलों की व्याख्या करती हैं। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान मां द्वारा ली जाने वाली कुछ दवाइयां जैसे कि वैल्प्रोइक एसिड और थैलिडोमाइड, ऑटिज्म के हाई रिस्क से भी जुड़ी हुई हैं। गर्भावस्था के समय माता-पिता का अधिक उम्र का होना भी ऑटिज्म के अधिक जोखिम से जुड़ा हुआ है।

**इलाज के तरीकेः** ऐसे कई प्रभावी तरीके हैं, जो ऑटिस्टिक बच्चे को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं।

**अप्लाइड बिहेवियर एनालिसिसः** इसमें बच्चे की कार्यात्मक चुनौतियों का व्यवस्थित अध्ययन शामिल है, जिसका उपयोग उनके स्किल में सुधार और मिसबिहेव को कम करने के लिए एक बिहेवियरल प्लानिंग बनाने के लिए किया जाता है।

**सोशल स्किल ट्रेनिंगः** ग्रुप या पर्सनल सेटिंग में किया गया यह प्रयास ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को सामाजिक स्थितियों में नेविगेट करने की उनकी क्षमता में सुधार करने में मदद करता है।

**वर्बल-लैंग्वेज ट्रीटमेंटः** बच्चे के बोलने के तरीके और उसकी भाषा की समझ में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।

**पैरेंटल मैनेजमेंट ट्रेनिंगः** इसमें पैरेंट्स को अपने ऑटिस्टिक बच्चे के एब्नॉर्मल बिहेव पर सही प्रतिक्रिया करने और अपने बच्चे में उचित व्यवहार को प्रोत्साहित करने के प्रभावी तरीके सिखाए जाते हैं। पैरेंटल हेल्प ग्रुप्स, पैरेंट्स को ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे की परवरिश के तनाव से निपटने में मदद करते हैं। *

**(मनोचिकित्सक डॉ.संजय गर्ग और मनोविज्ञानी डॉ.रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

### पैरेंट्स रखें ध्यान

- ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिजीज के बारे में जितना संभव हो उतना जानें।
- ऑटिज्म से पीड़ित अपने बच्चे को अच्छी और बैलेंस्ड डेली रूटीन फॉलो करने के लिए इंस्पायर करें।
- ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के अन्य पैरेंट्स और अपने समुदाय के रिसोर्सेस से जुड़ें।
- जरूरत पड़ने पर मेडिकल एक्सपर्ट से कंसल्ट करें।
- बच्चे के साथ बिताने के लिए पर्याप्त समय निकालें।
- अपने बच्चे की शिक्षा और उपचार से संबंधित अवेयरनेस को बढ़ाएं।



**डाइट**

**राजकुमार 'दिनकर'**

जब भी सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स की बात आती है तो सबसे पहले बादाम का नाम लिया जाता है। वजह है इसमें मौजूद बेशुमार स्वास्थ्यवर्धक गुण। यह किस तरह से हमारे लिए फायदेमंद है, आपको जरूर जानना चाहिए।

# हेल्थ के लिए भरपूर फायदेमंद नट है बादाम



बादाम के पोषण के स्तर को देखते हुए पाक कला में सदियों से इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसके सेवन का इतिहास हजारों साल पुराना है। बादाम मीठे और कड़वे दो तरह के होते हैं। कड़वे बादाम की कड़वाहट निकालने के बाद उसके तेल का इस्तेमाल खाने में किया जाता है। कड़वे बादाम के फूल सफेद होते हैं और मीठे बादाम के फूल गुलाबी होते हैं। कड़वे बादाम और मीठे बादाम की रासायनिक संरचना समान होती है। बादाम का फल जब पकता है तो यह खुद ही खुल जाता है और उससे यह नट बाहर आ जाता है। बादाम के बीज कठोर छिलकों के अंदर होते हैं।

**होते हैं कई पोषक तत्वः** पोषक तत्वों से भरपूर बादाम में विटामिन बी1, फोलेट, विटामिन बी3, नियासिन, बी कॉम्प्लेक्स और मैग्नीज भरपूर मात्रा में होता है। 28 ग्राम यानी एक औंस बादाम में 183 कैलोरी, 5.82 ग्राम प्रोटीन, 2.94 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 16.4 ग्राम फैट, 3.4 ग्राम फाइबर, 7.3 मिलीग्राम विटामिन ई पाया जाता है।

**कई तरह से लाभकारीः** बादाम हमारी मस्तिष्क और तंत्रिका प्रणाली को मजबूत बनाकर याद्दाश्त को अच्छा बनाता है। बादाम में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने का गुण होता है। यह एलडीएल और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के बीच संतुलन बनाकर रखता है। इसमें मौजूद फॉस्फोरस हमारी हृदय गति को सामान्य बनाए रखता है। इसका ग्लासेमिक इंडेक्स कम होता है। यह हमारी रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ने से रोकता है। मैग्नीशियम और मैग्नीज से भरपूर होने के कारण यह हड्डियों और दांतों को मजबूती देता है। यह हमारे शरीर के वजन को भी नियंत्रित करके मोटापे के जोखिम को कम करता है। इसमें मौजूद आर्जीनिन एक ऐसा अमीनो एसिड है, जो रक्तप्रवाह को नियमित करता है और इससे हमारी मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं। विटामिन-ई से भरपूर बादाम त्वचा की नमी को लॉक करके हमें जवां और खूबसूरत बनाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की ग्रोथ को बढ़ाते हैं। फास्फोरस युक्त बादाम एसिडिटी को नियंत्रित करता है और शरीर में टीएच लेवल को बनाकर रखता है। आयरन से भरपूर बादाम हमारे शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं के विकास को बढ़ाता है और एनीमिया में बहुत फायदेमंद होता है।

**ऐसे करें सेवनः** बादाम दुनिया में सबसे पुराना और सबसे ज्यादा उगाया जाने वाला नट है। बादाम को साबुत भूनकर या तलकर खाया जाता है। बादाम का छिलका पचाना चूंकि मुश्किल होता है, इसलिए आयुर्वेद इन्हें उबालकर पकाने के बाद खाने की सलाह देता है। इनको अगर भिगोकर खाया जाए तो यह जल्दी पचते हैं। इन्हें बिना भिगोए कच्चा नहीं खाना चाहिए। रात भर भिगोकर, छिलका उतारकर इन्हें खाना चाहिए। बादाम मिल्क शेक या बादाम को अन्य फ्रूट्स के साथ मिलाकर इनकी स्मूदी बनाई जा सकती है। अखरोट, सूरजमुखी के बीज, खजूर, मखाना, किशमिश के साथ मिलाकर अलग-अलग तरह के अनाजों के साथ खा सकते हैं। इसके अलावा बादाम का शीरा, बादाम का हलवा, बादाम की बर्फी, बादाम कतली, बादाम की चटनी, बादाम का दूध, बादाम-खजूर मिल्क शेक, बादाम केला स्मूदी का सेवन किया जा सकता है। *

## खबर संक्षेप

### राजेश को शहीद भगत सिंह गौरव अवार्ड मिला

**गोहाना।** चिड़ाना गांव के मास्टर राजेश लठवाल को शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। वे पिछले 6 साल से गोहाना में बस स्टैंड परिसर में लोगों के सहयोग से निःशुल्क दैनिक लंगर, रोटी और कपड़ा बैंक की सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसी सेवा के दृष्टिगत उनको नई दिल्ली स्थित शाह ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में यह सम्मान दिया गया। शहीद भगत सिंह ब्रिगेड ने अपना 6वां विश्व-रिकॉर्ड स्थापित किया है। समारोह में कई हजार युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर तहसील गोहाना के चिड़ाना से मास्टर राजेश लठवाल को शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### नई सोच व नए दृष्टिकोण से सोचना ही नवजागर

**गोहाना।** बुधवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. मूर्ति मलिक ने की। मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर सुभाष चंद्र सैनी ने शिरकत की। सुभाष चंद सैनी ने छात्राओं को हिंदी पत्रकारिता और हिंदी नवजागरण की विकास यात्रा को विश्लेषित व परिभाषित करते हुए कहा कि नई सोच, नए मूल्यों व नए दृष्टिकोण के साथ सोचना नवजागरण है। राजा राममोहन राय, रविंद्रनाथ टैगोर, दयानंद सरस्वती, सावित्रीबाइ फुले जैसी महान विभूतियों की प्रेरणादायक शिक्षाओं से नवजागरण का संदेश दिया।

### औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री से सामान चोरी

**सोनीपत।** राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री से सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कोहाट एनक्लेव पीतमपुरा दिल्ली निवासी दीपाली ने बताया कि उसने सेक्टर-38 के फेज नंबर-1 में फैक्टरी कर रखी है। गत 18 जनवरी, 2024 से फैक्टरी बंद थी। जब उन्होंने 25 मार्च को फैक्ट्री का दौरा किया तो पाया कि फैक्टरी का शटर खुला था और ताले टूटे पड़े थे। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि बिजली फिटिंग, वायर, बोर्ड, एसी वायर, वाटर मोटर, मीटर, फायर एक्सटिंग्विशर आदि गायब थे।

### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स का मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन

## सरकार काम पक्का ले रही है तो हमारी नौकरी भी पक्की होनी चाहिए

सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार हमें ग्रेजुएट और पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन की मांगों व समस्याओं के समाधान न करने के चलते बुधवार को विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया। पहले दिन कार्यक्रम की अध्यक्षता उषा ने की। मंच का संचालन जिला सचिव सोना देवी ने किया। कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी कामरेड, सिल्क राम मलिक, कामरेड सुनीता और आशा वर्कर छवि ने संबोधित किया और समर्थन भी किया। जिला सचिव सोना देवी ने बताया कि 11 मार्च को सैकड़ो की संख्या में वर्कर्स व हेल्पर्स ने अपना प्रदर्शन करते हुए 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन पीओ के माध्यम से डायरेक्टर को भेजा गया था। आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स की मांगों की अनदेखी करने के कारण आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 26 से 28 मार्च का विरोध प्रदर्शन डीसी



**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

कार्यालय पर करने का आह्वान किया है। सरकार द्वारा समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया गया तो यह प्रदर्शन अनिश्चितकालीन भी हो सकता है। सरकार काम पक्का ले रही है तो हमारी नौकरी भी पक्की होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार हमें ग्रेजुएट और पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए, लेकिन केंद्र में बैठी सरकार और राज्य में बैठी सरकार इसे लागू नहीं कर रही है। सोनीपत में टर्मिनेट की गई हेल्परों व वर्करों का

### जल्द समाधान की मांग

आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स की मांगों की अनदेखी करने के कारण आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 26 से 28 मार्च का विरोध प्रदर्शन डीसी कार्यालय पर करने का आह्वान किया है। सरकार द्वारा समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया गया तो यह प्रदर्शन अनिश्चितकालीन भी हो सकता है।

मानदेय अभी तक नहीं दिया। हमारी मांग है कि रुका हुआ सारा मानदेय दिया जाए उचाना के अंदर टर्मिनेट आंगनबाड़ी वर्कर सुमन को बहाल करने की मांग रखी गई। उन्होंने खाली पड़े पदों पर भर्ती करने की बात रखी और कहा कि प्रमोशन 25 परसेंट की बजाय 50 प्रतिशत कोटा होना चाहिए। मांगों का ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से सरकार को भेजा गया।

# निबंध लेखन में मुस्कान अव्वल

- जीवीएम गर्ल्स कालेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

जीवीएम गर्ल्स कालेज के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित की गई निबंध लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान अव्वल रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई दी। जीवीएम के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। संस्कृत की विभागाध्यक्ष प्रीति ने उनका स्वागत करते आयोजन संबंधी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निबंध लेखन में 15 छात्राओं ने हिस्सा लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की अंजलि व तमन्ना ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष की नीतू व बीए द्वितीय वर्ष की अनु ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। इनके साथ ही बीए तृतीय वर्ष की तमन्ना को सांत्वना पुरस्कार से सुशोभित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन डा. वंदना व डा. कमलेश और प्रीति ने कुशलतापूर्वक किया। विजेताओं का उत्साहवद्र्धन करते प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कहा कि छात्राओं को हर प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए।



**सोनीपत।** साइबर सुरक्षा को लेकर सेमिनार में अतिथिगण साथ में अन्य।

### साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**सोनीपत।** ऋषि कुल वर्ल्ड एकेडमी में साइबर सुरक्षा के विषय में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व वक्ता सीमा मलिक ने वर्ल्ड एकेडमी के प्रबंधक नीरज शर्मा और रीमा शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्या चंचल शर्मा के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नीरज शर्मा ने भी कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा की जानकारी आज के डिजिटल युग में बेहद ज़रूरी है क्योंकि यह हमारे डेटा, सिस्टम और नेटवर्क को अनधिकृत पहुँच और साइबर हमलों से सुरक्षित रखने में मदद करती है। सीमा मलिक ने भी साइबर सुरक्षा की जानकारी के महत्व को और विस्तार से बताया। इस सेमिनार में नेटवर्क सुरक्षा, सूचना सुरक्षा, एप्लिकेशन सुरक्षा, क्लाउड सुरक्षा जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई।

### पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया

**सोनीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि मॉडल टाऊन सोनीपत के प्रांगण में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ की तरफ से जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ब्लॉक से प्राइमरी और मिडल स्कूलों से 43 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता नशा मुक्ति, पर्यावरण और रक्तदान विषय पर करवाई गई। नवीन गुलिया जिला शिक्षा अधिकारी ने बतौर मुख्यातिथि बच्चों को आशीर्वाद देने पहुंचे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अर्चना बाना ने कहा कि प्रत्येक स्कूल में जूनियर रेड क्रॉस की टीम गठित होनी चाहिए। जिला रेडक्रॉस सचिव रामकरण कालीरमण, जिला संयोजक शशि मेहता, प्राचार्य संजीव कुमार दहिया आदि ने अपनी मौजूदगी प्रस्तुत करके प्रतिभागियों का मान बढ़ाया।



**सोनीपत।** जिलाध्यक्ष बने कुणाल गहलावत का स्वागत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### कुणाल इनेलो के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**सोनीपत।** इनेलो ने जिला प्रधानों की सूची जारी कर दी है। जिसमें गोहाना हल्के के गांव गुहणा निवासी युवा नेता कुणाल गहलावत को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। गहलावत इनेलो पार्टी में लगातार सात बार युवा जिलाध्यक्ष रहे। छोटूराम आर्य कॉलेज से छात्र राजनीति की शुरूआत करने वाले कुणाल गहलावत को इनेलो ने 2003 में इनसो सोनीपत का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया था। 2004 में पार्टी ने युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इसके साथ ही 5 साल पार्टी कार्यालय सचिव भी रहे। गहलावत को इनसो में प्रदेश महासचिव व इनसो के जिला अध्यक्ष के रुप में इनैलो संगठन में काम करने का मौका मिला। 2013 में पार्टी ने गहलावत को इनसो का प्रदेश सोशल मिडिया प्रभारी नियुक्त किया। 2015 में कुणाल गहलावत की कार्यशैली पर विश्वास जताते इनैलो सुप्रीमों ओमप्रकाश चौटाला ने युवा इनेलो का जिलाध्यक्ष चुना।

# खरखौदा में हुआ गोवंश उपचार चैरिटेबल हॉस्पिटल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

सोनीपत बाईपास के पास बुधवार को जिले सिंह गोवंश उपचार चैरिटेबल हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। बुद्धा स्कूल के संचालक रामनिवास दहिया ने रिबन काट कर उद्घाटन की रस्म अदा की। अस्पताल के नामकरण से स्पष्ट है कि इसे जिले सिंह रोहणा की याद में बनाया गया है। यहां पशुओं के इलाज के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। बड़ी एक्स-रे मशीन, तकनीकी रूप से उन्नत उपकरण, घायल पशुओं को उठाने के लिए विशेष मशीन, पशु एंबुलेंस और 3 डॉक्टरों की टीम तैनात है। जिसमें एक डॉक्टर की ड्यूटी 24 घंटे रहेगी। जबकि दो अन्य डॉक्टर विजिटिंग मोड में रहेंगे। वे आवश्यकतानुसार आते-जाते रहेंगे और घायल गोवंश की देखभाल करेंगे। जयकरण रोहणा ने बताया कि भारत में गाय को माता का दर्जा दिया गया है।



**खरखौदा।** रिबन काटकर उद्घाटन करते रामनिवास। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** शंख प्रक्षालन क्रिया में हिस्सा लेते प्रतिभागी। *फोटो :हरिभूमि*

### शंख प्रक्षालन क्रिया में लिया हिस्सा

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित शंख प्रक्षालन क्रिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 26 मार्च को कॉलेज में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान, 70 साधकों और साधिकाओं ने भाग लिया और शंख प्रक्षालन क्रिया में भाग लिया। यह क्रिया सुबह 6:00 बजे से 10:00 बजे तक चली। इस कार्यक्रम से आंतों में जमा मल, ब्लाकेज, म्यूकस, और गंदगी की परत को साफ कर दिया जाता है। किसी भी प्रकार के नशे को छुड़वाने में यह विधि कारगर है। इससे पेट रोग, चर्म रोग, मुंह के छाले, गैस, फोड़े-फुन्सी में लाभ मिलता है। गुदा संबंधी रोग जैसे कि बवासीर, भगन्दर, और फिसर के रोग में लाभ मिलता है। इस अवसर पर, यह कहा गया कि योग मानवता के लिए एक वरदान है।

# आईटीबीपी के एसआई कृष्ण का निधन

- उदेशीपुर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



उप निरीक्षक कृष्ण को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई देते आईटीबीपी के जवान।

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के उप निरीक्षक कृष्ण कुमार का बुधवार को उनके पैतृक गांव उदेशीपुर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 56 वर्षीय कृष्ण कुमार 24 मार्च को हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में ड्यूटी के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके भतीजे मास्टर मास्टर अजमेर सिंह ने बताया कि वे 6 भाइयों और 3 बहनों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार में पत्नी सरोज देवी, बेटा मंदीप और बेटी मंजू हैं। कृष्ण कुमार लंबे समय से आईटीबीपी में बतौर एसआई कार्यरत थे। उनकी मृत्यु की खबर से परिवार और सहकर्मियों में शोक छा गया। पार्थिव शरीर को उदेशीपुर लाया गया, जहां उनकी कंपनी ने उन्हें बट सलामी देकर राजकीय सम्मान प्रदान किया। अंत्येष्टि के दौरान उनके भाइयों सतबीर, जगमेंद्र (सूबेदार), जगबीर सिंह, राजबीर स्थानीय गणमान्य मौजूद रहे।

### सीनियर एशियन चैंपियनशिप में सुनील ने जीता कांस्य



**गन्नौर।** अम्मान, जोर्डन में चल रही 2025 सीनियर एशियन चैंपियनशिप में ग्रीको-रोमन शैली के पांच भार वर्गों में मुकाबले खेले गए। जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे गांव डबरपुर के रहने वाले पहलवान सुनील कुमार ने 87 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। सुनील कुमार ने कांस्य पदक के मुकाबले में चीन के पहलवान को हराया। इससे पहले उन्होंने ताजिकिस्तान के पहलवान सुखरोब अब्दुलखाएव को मात दी थी, लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें ईरान के यासीन अली य'दी से हार का सामना करना पड़ा। पहलवान सुनील कुमार को पदक मिलने पर भारतीय कुश्ती महासंघ ने भी बधाई दी है। वहीं पदक जीतने पर पहलवान सुनील कुमार के गांव में खुशी का माहौल है। स्वजनों के साथ-साथ ग्रामीणों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी मनाई। सुनील की इस बड़ी उपलब्धि पर सुनील मलिक की मां अनीता देवी का कहना है कि हमें अपने बेटे पर गर्व है। उनके अलावा बहन रेनू, भाभी किरण, ताई राजबाला देवी, भाई सुमित मलिक, सुनील नंबरदार, मनोज कुमार, रामचंद्र, दिलबाग, राजेश, पप्पू मलिक, दलबीर, राजेराम, प्रेमसिंह, कुलदीप सरपंच, राजसिंह, विकास कुमार ने बधाई दी।

# निर्माण कार्य पूरा करवाने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

बुधवार को खरखौदा के वार्ड संख्या 11 के निवासी एकत्रित होकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और गली के रुके हुए निर्माण कार्य को फिर से शुरू किए जाने की गुहार लगाई है। राजेश, राहुल, ज्योति, उषा, पूजा, अनिल, सचिन व अन्य का कहना है कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री सही है। ज्ञातव्य है कि शहर के वार्ड संख्या 11 पक्के बाग वाली गली में नपा द्वारा लोगों के घरों व दुकानों के आगे बनी पक्की सीढ़ियां व चबुतरे तुड़वाकर नालियों में प्लास्टिक के पाइप बिछाने का कार्य शुरू किया था। लोगों ने निर्माण कार्य में बरती जा रही कथित अनियमितताओं को लेकर चेयरमैन हीरालाल इंदौरा को शिकायत दी थी। जिसके बाद चेयरमैन हीरालाल इंदौरा ने मौके का दौरा कर निर्माण कार्य को बंद करा दिया था। निर्माण कार्य अधूरा छोड़ देने के कारण यहां से होकर गुजरने वाले राहगीरों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



**खरखौदा।** निर्माण कार्य पुन: शुरू कराने पालिका पहुंचे वार्ड वासी।

# गाड़ी में बैठकर नकल की पर्चियां बना रहा था लिपिक

- चिड़ाना में परीक्षा केंद्र के बाहर से उडऩदस्ता टीम ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बुधवार को 12वीं की हिंदी की परीक्षा के दौरान गांव चिड़ाना स्थित परीक्षा केंद्र के बाहर से उडऩदस्ता की टीम ने लिपिक को गिरफ्तार किया। वह कार में बैठकर नकल की पर्चियां बना रहा था। उसके पास कई तरह की सामग्री और गाइडें मिली। परीक्षा केंद्र के अंदर चपरासी के पास दो फोन मिले, जबकि जबकि परीक्षा केंद्र पर केवल केंद्र अधीक्षक को मोबाइल रखने की अनुमति है। सदर थाना में दोनों के विरुद्ध केस दर्ज किया । दूसरी तरफ छिछड़ाना से विद्यार्थी की जगह दूसरा युवक परीक्षा देते मिला। शिक्षा बोर्ड के सचिव उडऩदस्ता को अज्ञात व्यक्ति ने सूचना दी कि चिड़ाना में राजकीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा केंद्र के बाहर प्रश्नपत्र हल करवाया जा रहा है। इस पर उडऩदस्ता की टीम पुलिस के साथ दोपहर को परीक्षा केंद्र पर पहुंची। परीक्षा केंद्र के पास सेंट्रो कार खड़ी मिली जिसमें एक व्यक्ति बैठा था। उसकी पहचान सोनीपत में गांव बोहला के प्रवीन के रूप में हुई और वह कुरुक्षेत्र में गांव भुरथला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लिपिक है। उसके मोबाइल में हस्तलिखित प्रतिलिपि मिली जिसमें वर्णित प्रश्न हिंदी विषय की परीक्षा के कोड-ए से मेल खा रहे है। प्रवीन का बेटा परीक्षा केंद्र के अंदर परीक्षा दे रहा था। प्रवीन के पास मोबाइल के अलावा हिंदी की तीन गाइड, एक नोटबुक व नकल की चार पर्चियां मिली, जिन पर प्रश्न संख्या अंकित थे। परीक्षा केंद्र के अंदर चतुर्थ श्रेणी के कर्मी हरिओम के पास दो मोबाइल मिले, जबकि परीक्षा केंद्र पर केवल केंद्र अधीक्षक को मोबाइल रखने की अनुमति है।

**विधानसभा** | शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने दिया आश्वासन

# विधायक ने विस के प्रश्न काल में उठाया ड्रेन नं.6 को ढकने का मुद्दा

जल्द से जल्द राशि जारी की जाए और ड्रेन 6 के काम को पूरा करवाया जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बुधवार को हरियाणा विधानसभा के प्रश्न काल में सोनीपत विधायक निखिल मदान ने शहर के बीचों बीच से गुजर रही रही ड्रेन नंबर 6 को ढकने के कार्य का मुद्दा उठाया। निखिल मदान ने कहा कि शहर के बीच से गुजर रही ड्रेन नंबर 6 को ढकने का कार्य बीच में रुका हुआ है। उनकी सरकार से यही मांग है कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए ताकि बरसात के मौसम से पहले शहर वासियों को सीवरेज ओवरफ्लो और जलभराव जैसी समस्याओं से निजात मिल सके। विधायक ने कहा कि शहर के बस स्टैंड परिसर और कई पुरानी कॉलोनियों में ड्रेन का जल स्तर बढ़ने से दूषित जल भराव की समस्या पैदा होती है। बरसात के समय यह समस्या और बढ़ जाती है। निखिल मदान ने कहा कि पूर्व में ड्रेन नंबर 6 को ढकने के लिए 96 करोड़ रु का बजट जारी किया गया था और वर्ष 2020 में यह कार्य शुरू हुआ था। लेकिन अब वो बजट खत्म हो चुका है और एजेंसी द्वारा कार्य बंद कर दिया गया है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि निर्माण कार्य कर रही एजेंसी द्वारा ड्रेन नंबर 6 पर बनी विभिन्न पुलिया पर सीवरेज लाइनों के कनेक्शन नहीं किए गए हैं। अब ड्रेन नंबर 6 का कार्य पूरा करने के लिए नगर निगम सोनीपत द्वारा 9 करोड़ रु की अतिरिक्त धनराशि की मांग रखी गई है, जिसे स्टेट लेवल टेक्निकल कमेटी (एसएलटीसी) की बैठक में पास किया जाना है। उनकी सरकार से यही मांग है कि जल्द से जल्द राशि जारी की जाए और ड्रेन 6 के काम को पूरा करवाया जाए।



**सोनीपत।** विस में प्रश्नकाल के दौरान ड्रेन का मुद्दा उठाते विधायक निखिल मदान।

### रिपोर्ट तैयार की जा रही

विधायक निखिल मदान के सवाल का जवाब देते हुए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने सदन में बताया कि ड्रेन नंबर 6 को ढकने का कार्य बरसात के मौसम से पहले पूरा कर लिया जाएगा और इसके लिए जो 9 करोड़ रु की धनराशि नगर निगम सोनीपत द्वारा मांगी गई है उसे भी जल्द ही एसएलटीसीकी बैठक में पास कर दिया जाएगा। मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि 15 अप्रैल से पहले एसएलटीसी की बैठक होगी और बरसात से पहले 30 मई तक ड्रेन नंबर 6 के ढकने का कार्य पूरा हो जाएगा। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा ड्रेन नंबर 6 के सौंदर्यीकरण हेतु भी विचार किया जा रहा है। इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस कार्य में 34 करोड़ रुपये की लागत आने की संभावना है।

**सूचना**

मैं, कृष्ण पाल पुत्र श्री हरी दास निवासी मकान नंबर 201/28, ककरोई रोड, रविदास नगर, सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आकाश मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर निगम सोनीपत**

नगर निगम सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकॉर्ड अनुसार प्रोपर्टी आई.डी. नं 1J22E6G2 जोकि 8 मरला, वार्ड नं. 12 निकट पानी की टंकी, सोनीपत में स्थित है। संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम बिहारी लाल दर्ज है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने / नाम गलत दर्ज होने/गुम होने / उपरांत अवेदक द्वारा प्रस्तुत की गयी प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम तब्दील व नाम दर्ज करने/क्षेत्रफल दुरुस्ती के लिए न्यायालय द्वारा केस नं. 6235/2013 दायर मुकदमा में दिनांक 26.08.2016 कोर्ट आदेश अनुसार कन्हैया लाल पुत्र बिहारी लाल वारिस हैं। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायदाद से संबन्धित कोई भी आपत्ति हो तो ख्याति प्राप्त दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि के 30 दिन के अंदर-अंदर लिखित रूप में नगर निगम के संपत्तिकर शाखा मे दर्ज करवाए अन्यथा संपत्तिकर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार कन्हैया लाल पुत्र बिहारी लाल के नाम दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा ।

**हस्ता/-क्षेत्रीय कराधान अधिकारी, नगर निगम, सोनीपत**

## खबर संक्षेप



खरखौदा। पंचायत का न्योता देते विकेश दहिया व अन्य।

### पंचायत को सफल बनाने को जनसम्पर्क किया तेज

**खरखौदा।** खरखौदा क्षेत्र को प्रस्तावित गोहाना जिले में शामिल किए जाने की कवायद का विरोध करने को 30 मार्च को परशुराम पार्क में पंचायत बुलाई गई है। पंचायत में अधिकाधिक हाजिरी सुनिश्चित करने को जनसम्पर्क किया जा रहा है। विकेश दहिया रोहणा, राजे सिसाना, जोरावर बरोना, बिजेंद्र तुर्कपुर, हंसराज राणा फिरोजपुर, सुरेश जटोला, सतीश थाना कलां, प्रवेश खांडा, खुशीपाल नक्लोई, रणबीर छिनौली की टीम ने गांव बरोना, खुरमपुर, पाई, पहलादपुर, किढौली, सोहटी, रामपुर, कुण्डल, सैदपुर, फिरोजपुर, जटोला, पीपली, गोपालपुर का दौरा किया और पंचायत में शामिल होने का न्योता दिया।



### अनुशासन सफलता का मूल मंत्र : एकता

**गोहाना।** राजकीय महिला कॉलेज, गोहाना में बुधवार को एनसीसी सत्र 2025 की टीम का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में एनसीसी कैडेट्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मान सहित विदा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एसएस हुड्डा ने एनसीसी कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य क कामना की। मुख्य वक्ता कॉलेज में एनसीसी यूनिट की पूर्व अधिकारी डॉ. एकता वशिष्ठ ने कैडेट्स को जीवन में अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एकता ने कहा कि अनुशासन ही जीवन में सफलता का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि एनसीसी समाजसेवा का एक सशक्त माध्यम है। एनसीसी कैडेट्स को किसी भी क्षेत्र में सेवा का अवसर मिले वे ईमानदारी से समाज व देशहित में अपना काम करें। एनसीसी कैडेट्स ने भी इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए अपने गुरुजनों का आभार व्यक्त किया।

## राई औद्योगिक क्षेत्र के आग मामले में नया खुलासा

# श्रमिक लापता! तलाशी में जुटी एसडीआरएफ टीम





सोनीपत। मौके पर जांच करती पुलिस एवं अन्य लोग और फैक्टरी में आगजनी के बाद मलबे में जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को लगी आग मामले में बुधवार को नया खुलासा हुआ है। देर रात 11 बजे तक आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन बुधवार को कुछ लोगों एक श्रमिक के गायब होने की बात कहते हुए फैक्टरी में पहुंचें। उन्होंने श्रमिक के अंदर ही फंसे होने की आशंका जताई है। जिस पर स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) की टीम को बुलाकर उसकी तलाश कराई जा रही है।

राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्लॉट नंबर 1329 में मल्टीलेयर पैकेजिंग के नाम से प्रिंटिग पैकेजिंग फैक्टरी में मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे आग लग गई थी। आग लगी देख श्रमिक बाहर भाग निकले थे। फैक्टरी के अंदर रखे थिनर व केमिकल के ड्रम बम की तरफ फटने लगे थे। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की राई, सोनीपत, कुंडली, दिल्ली, पानीपत से 15 गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। बाद में एक अन्य गाड़ी दिल्ली के बवाना से बुलवाई थी। आग पर अग्निशमन की टीमों ने रात 11 बजे काबू पा लिया था। हालांकि आग पूरी तरह शांत नहीं हो सकी है। टीम की चार गाड़ियां बुधवार शाम सात बजे तक आग को शांत करने में लगी थी। सहायक अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि फैक्टरी के अंदर पॉलिथीन के बंडल है। जिनमें आग लगी है। उन्हें तोड़ा जाता है तो फिर से धुआं उठना शुरू हो जाता है। जिस पर पानी की बौछार करनी पड़ती है। टीम की चार गाड़ियों को मौके पर खड़ा किया गया है।

### कल से लापता है बेटा : तुलसी साहा



बुधवार को बिहार निवासी श्रमिक अर्जुन के परिजन फैक्टरी में पहुंचे और श्रमिक के लापता होने की जानकारी दी। पिता तुलसी साहा ने बताया कि उनके बेटा अर्जुन आठ साल से फैक्टरी में काम कर रहा था। बेटे की कल सुबह नौ बजे के आसपास उनकी पुत्रवधू से वीडियो कॉल पर बात हुई थी। 11 बजे के बाद से बेटे का मोबाइल बंद आ रहा है। मौके पर पहुंची अर्जुन की भाभी संगीता ने रोते हुए बताया कि उनका देवर अंदर फंसा है। उसकी तलाश कराई जाए। भतीजे संदीप कुमार ने बताया कि उनके चाचा की साइकिल फैक्टरी के बाहर ही मिली है। उसके साथ काम कर रहे दूसरे कर्मी ने बताया है कि वह दूसरी तरफ भागा था। उनके चाचा का पता लगाया जाए।

## राई विधायक ने बजट सत्र में रखी हलके की मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

■ यमुना के साथ पक्का बांध बनाकर बाढ़ से बचाव के साथ दिल्ली तक अल्टरनेट मार्ग की रखी मांग

बजट सत्र के दौरान सोनीपत जिला के राई हलका के विकास के लिए राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने क्षेत्र की प्रमुख मांगे रखी और उन्हें सरकार से पूर्ण करवाने का मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा कि राई हलका के गांवों को यमुना नदी में आने वाली संभावित बाढ़ से बचाव के लिए दिल्ली की सीमा तक पक्का बांध बनवाने का मांग रखी। उन्होंने कहा कि इससे एक ओर जहां बाढ़ के पानी से किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी वहीं दूसरी ओर दिल्ली तक जाने का अतिरिक्त मार्ग भी तैयार होगा। इसके अलावा राजीव गांधी एजुकेशन सिटी के लिए राई हल्के के कई गांव जैसे पतला, बढख़ालसा, नांगल, सेवली व अन्य कई गांव की जो जमीन अधिग्रहण हुई थी उनका मुआवजा देने में आउटइज प्लॉट देने का मामला कई वर्षों से लंबित है। इसका कमेटी या सीएएचएसवीपी के द्वारा निपटान किया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। इसी तरह नगर निगम में शामिल किए गए गांव रेवली, गढ़ शाहजहानपुर आदि के जरूरतमंद व्यकितयों को आवश्यकतानुसार प्लॉट आवंटित किए जाएं और कूड़ा डालने की जगह प्रदान की जाए। काफी पुराने बने हुए मकानों जिनकी जमीन को सरकार की ओर से एक्वायर किया गया था, इन मकानों के मालिकों को उनका मालिकाना हक दिलाया जाए। राई हल्के के औद्योगिक एरिया में स्थित गांव सबौली, जठेड़ी, नाथूपुर आदि में एचएसआईडीसी के खाली प्लॉटों में अपशिष्ट उपचार संयंत्र लगाकर फैक्ट्रियों के गंदे पानी की निकासी का स्थाई प्रबंध किया जाए, ताकि लोगों को गंदगी से निजात मिल सके। इसके अतिरिक्त राई हल्के के सबसे बड़े गांव मुरथल में पिछले 50 वर्षों से बसी हुई कालोनियां जोकि अवैध हैं उन्हें वैध किया जाए। इसके साथ-साथ उन्होंने हल्के में 40 के करीब अवैध कालोनियां को भी वैध बनाने की किए जाने की मांग रखी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि एनसीआर क्षेत्र की किसानों की मांग के अनुसार किसानों के ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन 10 साल से बढाकर 20 साल की अवधि तक करने की भी मांग रखी। उन्होंने खादर के जाखोली गांव में लड़कियों के कॉलेज के भवन निर्माण करने की मांग भी रखी।



## न्यू टैगोर वमावि में हवन के साथ नए सत्र की शुरुआत

■ विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।

**गन्नौर।** न्यू टैगोर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेवड़ा में हवन के साथ नए सत्र की शुरुआत की गई। विद्यालय के प्रबंधक सुरेश शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित किया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य,शिक्षक तथा विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के प्रांगण में हवन में आहुति दी। विद्यालय के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया। विद्यालय के प्रबंधक ने विद्यार्थियों को हवन तथा शिक्षा के महत्व का ज्ञान प्रदान किया।

## गोहाना को प्रशासनिक दृष्टि से भी बनाया जाएगा जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



भाजपा गोहाना के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि अभी पार्टी ने संगठन के हिसाब से जिला बनाया है प्रशासनिक दृष्टि से नहीं। भाजपा सरकार समय आने पर गोहाना को प्रशासनिक दृष्टि से भी जिला बनाएगी। जब गोहाना प्रशासनिक दृष्टि से जिला बनेगा तब क्षेत्र विशेष को शामिल करने में जनभावनाओं का सम्मान होगा। वे शहर में पार्टी नेताओं के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बिजेंद्र मलिक ने कहा कि पार्टी ने गोहाना को जिला बनाने के लिए संगठन में गोहाना व बरोदा के साथ खरखौदा विधानसभा को शामिल किया। मलिक ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर वे संगठन को मजबूत करेंगे। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। मेहनती व निष्ठावान कार्यकर्ताओं के कारण ही भाजपा विश्व की सबसे मजबूत और बड़ी पार्टी है।

## कर्ज दी राशि मांगना पड़ा महंगा हमला कर घायल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ पीड़ित के बयान पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पलड़ी में कर्ज की राशि वापस मांगना युवक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि उस पर दंपति व उसके बेटे ने हमला कर दिया। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।गांव पलड़ी निवासी रविंद्र ने बताया कि उसने फरवरी, 2024 में गांव के ही दिनेश, उसकी पत्नी कमलेश और उनके बेटे को एक रुपये ब्याज की दर से छह लाख रुपये उधार दिए थे। उसने दिनेश कई बार पैसे वापस मांगे, लेकिन उन्होंने न तो ब्याज दिया और न ही मूलधन वापस किया। अब मंगलवार को वह दिनेश की दुकान पर पैसे मांगने गया तो दिनेश के बेटे ने उस पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया। वहीं, उसकी पत्नी कमलेश ने ईंट मारी और दिनेश ने सिर पर डंडे से वार कर दिया।

### बाइक सवार बदमाशों ने कर्मचारी का मोबाइल झपटा, शोर मचाने पर एक झपटमार दबोचा

■ कबीरपुर निवासी उत्तर आकाश मंगलवार की रात नौ बजे कंपनी से लौट रहा था

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव कबीरपुर में बाइक सवार झपटमारों ने एक कंपनी कर्मचारी का मोबाइल झपट लिया। शोर मचाने पर आरोपितों को आसपास के लोगों ने घेर लिया। एक झपटमार को मौके पर ही पकड़ लिया। जबकि बाइक चला रहा झपटमार भाग निकला। पकड़े गए आरोपित की पहचान कोट मोहल्ला के आकाश के रूप में हुई। पुलिस बाइक सवार दूसरे आरोपित की तलाश कर रही है। गांव कबीरपुर निवासी उत्तर आकाश ने बताया कि वह मंगलवार की रात को करीब नौ बजे कंपनी से लौट रहा था। जब वह कबीरपुर में कृपाल आश्रम के पास पहुंचा तो बाइक पर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझ पता। पीछे बैठे ने युवक ने उसका मोबाइल छीन लिया। वह भागने लगा तो उसने शोर मचा दिया। जिस पर आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया। जबकि बाइक चला रहा आरोपित भाग निकला। आरोपित ने अपनी पहचान कोट मोहल्ला के रहने वाले आकाश के रूप में दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची ने आरोपित को हिरासत में लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## दुष्कर्मी को 20 साल कैद व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ अदालत ने दोषी पर पचास हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

■ जुर्माना राशि से चालीस हजार पीड़िता को देने के आदेश



सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में किराए के कमरे पर रहने वाली नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की कोर्ट (फास्ट कोर्ट) ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दुष्कर्म के बाद नाबालिग लड़की गर्भवती हो गई थी। जिसने एक बच्ची को जन्म दिया था।

एक महिला ने गत 3 अक्टूबर 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि था कि वह शहर में परिवार के सदस्यों के साथ किराए पर रहती है। उसके 17 वर्षीय बेटी कई दिनों से गुमसुम व उदास रहने लगी। उसने कई बार उससे पूछताछ की, लेकिन कुछ बता नहीं रही थी। वह उपचार के लिए उसे शहर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंची। जहां जांच में पाया कि उसकी बेटी गर्भवती है। उससे पूछने पर बताया कि पड़ोस में किराए पर रहने वाले युवक राजकुमार नाम के युवक ने गत 6 मई को उसके साथ गलत काम किया। वह उसे व परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देता था। महिला ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए तत्कालीन जांच अधिकारी उप निरीक्षक संतोष की टीम ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। अब मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत ने दोषी को 6 पॉक्सो एक्ट में 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

## राजेश लठवाल को शहीद भगत सिंह गौरव अवार्ड से नवाजा

■ बस स्टैंड परिसर में पिछले 6 साल से चला रहे दैनिक लंगर, रोटी और कपड़ा बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। अवार्ड प्राप्त करते मास्टर राजेश लठवाल। फोटो : हरिभूमि

चिड़ाना के मास्टर राजेश लठवाल को शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। वे पिछले 6 साल से गोहाना में बस स्टैंड परिसर में लोगों के सहयोग से निःशुल्क दैनिक लंगर, रोटी और कपड़ा बैंक की सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसी सेवा के दृष्टिगत उनको नई दिल्ली स्थित शाह ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में यह सम्मान दिया गया। शहीद भगत सिंह ब्रिगेड ने अपना 6वां विश्व-रिकॉर्ड स्थापित किया है। इस अवसर पर तहसील गोहाना के चिड़ाना से मास्टर राजेश लठवाल को शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड शहीद भगत सिंह के सुपौत्र और शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह सन्धू ने प्रदान किया। यह सम्मान प्राप्त करने के लिए उनके परिजनों में राजेश लठवाल के पुत्र यश लठवाल, दादा नम्बरदार लहणा सिंह लठवाल, मित्र श्रीभगवान और उनके पुत्र केशव उनके साथ दिल्ली गए हुए थे।

**शिविर** संस्कृति वेद, पुराण और शास्त्रों के शाश्वत ज्ञान पर आधारित

## सांस्कृतिक ज्ञान को समझें इसे नष्ट न होने दें : प्रभुदयाल

ज्योतिषाचार्य प्रभुदयाल जोशी ने लोगों की शंकाओं का समाधान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना





धनाना स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर में बुधवार को ज्योतिष विद्या के माध्यम से लोगों की शंकाओं का शमन करने के लिए शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में बीकानेर मूल के हाल अहमदाबाद निवासी ज्योतिषाचार्य प्रभुदयाल जोशी ने लोगों की शंकाओं का समाधान किया और अपने सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रभुदयाल जोशी ने कहा कि सनातन संस्कृति वेद, पुराण और शास्त्रों के शाश्वत ज्ञान पर आधारित है। हमारी संस्कृति ही हमारे जीवन का मूल आधार है, जो हमें मानवीय गुणों के साथ जीवन जीने का सिद्धांत सिखाती है। सनातन संस्कृति अर्थात धर्म में लचीलापन है लेकिन क्रूरता और अमानवीयता नहीं है। आज हम पाश्चात्य प्रभाव में पडक़र अपने सांस्कृतिक मूल्यों को बिसारने की बहुत बड़ी भूल कर रहे हैं, जिसका आने वाली पीढ़ियों को बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। ऐसे में आने वाली पीढ़ियों के हाथ संस्कारपूरित संस्कृति से खाली होंगे और हमारे पास पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा। अपने भविष्य को अंधकार से बचाने के लिए सांस्कृतिक मूल्यों को संजो कर रखें। ज्योतिषाचार्य प्रभुदयाल ने कहा कि वॉलीवुड फिल्मों और सोशल मीडिया के माध्यम से सनातन संस्कृति को नष्ट करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। इन दोनों माध्यमों से हमारी युवा पीढ़ी का माइंडसेट करके उसे नशे सहित अन्य बुरी लतों की तरफ अग्रेसित किया जा रहा है। वे बोले कि हमारी संस्कृति को जितना नुकसान हुआ है वह हमारी अज्ञानता के कारण हुआ है।

## विधायक इंदुराज ने विस में बरोदा व भैंसवाल कलां में महिला कॉलेज बनाए का मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल ने विधानसभा में गांव बरोदा व भैंसवाल कलां में महिला कॉलेज बनाने का मुद्दा उठाया। विधायक ने आरोप लगाया कि वर्ष 2020 में बरोदा विधानसभा के उप चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इन दोनों गांवों में कॉलेज बनवाने की घोषणा की थी। लेकिन अभी तक भाजपा सरकार ने इन गांवों में कॉलेज न बनवाकर लोगों के साथ वादाखिलाफी की है।

रविधायक ने कहा कि बरोदा हलेका क्षेत्र में महिलाओं की शिक्षा के विस्तार के लिए गांव बरोदा और गांव भैंसवाल में महिला कॉलेज का निर्माण आवश्यक है। क्षेत्रफल और यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत इन गांवों में महिला कॉलेज बनाने से छात्राओं को आने जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा अपने पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा को पूरी करके अपने वायदे को पूरा करे। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सरकार अपने इस वायदे को पूरा नहीं करेगी तब तक वे चुप नहीं बैठेंगे और लोगों की इस आवाज को उठाते रहेंगे।